CON 86

# एतदर्थ मंडल (हिंदी भाषा परीक्षा), महाराष्ट्र शासन

भाषा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, प्रशासकीय भवन, ५ वी मंजिल,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान के निकट, सरकारी कालोनी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई ४०० ०५१.

**निम्नश्रेणी परीक्षा**

**पहला प्रश्नपत्र — पाठ्य-पुस्तक तथा कार्यरूप व्याकरण**

रविवार, दिनांक २६ जून २०२२

[**समय** : सुबह १०-३० से दोपहर १-०० बजे तक]

(**कुल अंक** — १००)

**सूचनाएँ**.— (१) सभी प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** भाषा तथा **देवनागरी** लिपि में लिखिए।

(२) शुद्ध भाषा तथा सुवाच्च लेखन अपेक्षित है।

(३) नया प्रश्न स्वतंत्र पृष्ठ पर लिखिए।

---

**अंक**

**प्रश्न १. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग आठ-दस पंक्तियों में लिखिए :—** **१५**

(१) आँखे, 'देखने के अलावा' और भी कई तरह के काम करती है इस विषय पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

(२) सार्वजनिक अस्पतालो में मरिजों को होनेवाली परेशानियों के विषय में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(३) 'रीढ़ की हड्डी' पाठ में लेखक ने नारी सम्मान को किस प्रकार महत्त्व दिया है ?

(४) ग्रामीण जीवन के सामाजिक संबंध, कारीगरी तथा कारीगरों के स्वाभिमान को लेखक ने किस प्रकारसे चित्रित किया है ? 'ठेस' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही आठ प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :—** **१६**

(१) हमारे लिए देव कौन है ?

(२) शाम का आनंद लेने के लिए लेखक कौनसे बीच पर गये ?

(३) लेखक को देखने आने पर लड़की ने क्या पटक दी ?

(४) लेखक कौन सी गाडी से मडगाँव गए ?

(५) मन की पीड़ा क्या बनकर छा जाती है ?

(६) फूल क्या नही बेचता ?

(७) लेखक मानू को कहाँ पहुचाने जा रहा था ?

(८) भुट्टेवाले ने भुट्टे का भाव क्या बताया ?

(९) हम भारतवासी किनकी संतान है ?

(१०) गोरी को किसका दान दिया ?

[पलटकर देखिए

अंक

**प्रश्न २. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग आठ-दस पंक्तियों में लिखिए :-** १४

(१) फागुन के महिने में प्रकृति रंग जाती है, 'मन' कविता के आधारपर स्पष्ट कीजिए।

(२) 'गोपाल प्रसाद विवाह को बिजनेस मानते है' इस विषय में अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

(३) मरीज से मिलते समय कौन-कौनसी सावधानीयाँ बरतनी चाहिए ?

(४) गोवा की शाम चित्रीत कीजिए।

**(ब) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में से किन्ही पाँच के रिक्त स्थानों की पूर्ति पाठ्य-पुस्तक के आधारपर कीजिए :—** ५

(१) हमारी ……………… थी यहीं, कही से हम आए थे नहीं।

(२) काँटों के बीच खिलखिलाता …………… देता प्रेरणा।

(३) फागुन के दिन चार ……………… खेल मना रे।

(४) मेरे घर ……………… पड़ा, छोटा नहीं बहुत बड़ा।

(५) बीत गया हेमंत ……………… शिशिर ऋतु आई।

(६) रजीया सुलताना, दुर्गावती, जो खूब लड़ी थीं ………………।

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए :—** १२

(१) हमदर्दी भी कभी-कभी किस तरह पीड़ादायी बन जाती है, यह पाठ के अधारपर स्पष्ट कीजिए।

(२) ऐक्सिडेंट के बाद मिलने आनेवाले लोगों का वर्णन लेखक ने किस प्रकार किया है ? स्पष्ट कीजिए।

(३) मानव और पशु के संबंध के विषय पर अपने विचार लिखिए।

**प्रश्न ३. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन मुहावरों के अर्थ लिखकर सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए :—** ९

(१) गुजर-बसर होना–

(२) गला फाडना–

(३) टाँग अड़ाना–

(४) फूट-फूटकर रोना–

(५) मुँह लाल होना–

**(ब) निम्नलिखित क्रियाओं में से किन्ही दो के सहायक क्रिया के रूप में ही अपने सार्थक वाक्यों का प्रयोग कीजिए। प्रत्येक के लिए स्वतंत्र वाक्य लिखिए :—** ४

(१) बोलना–

(२) जाना–

(३) देना–

(४) लडना–

अंक

**(क) निम्नलिखित वाक्य किसने किस संदर्भ में कहा है, कोई चार लिखिए :—** ४

(१) "माफ करना, मैं गलत कमरे में आ गया था। आजकल लोग ठिक से बताते भी तो नहीं।"

(२) "रहमान के अब्बा, अगर लक्ष्मी दूध नहीं देगी तो हम इसका क्या करेंगे ?"

(३) "लेकिन वह तुम्हारी लाडली बेटी उमा तो मुँह फुलाए पड़ी है।"

(४) "मोहर छापवाली धोती के साथ रेशमी कुरता देने पर भी ऐसी चीज नही बनती बहुरिया।"

(५) "ऐसे पेट में आग लगे, पेट है या भाड़ ? कोठरी में बैठते हुए क्या दम घुटता था ?"

(६) "लडकियों को अधिक पढ़ने की जरुरत नहीं है। सिलाई-पुराई करले बस।"

**(ड) निम्नलिखित में से विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए (कोई चार) :—** ४

(१) व्यापारी और उद्योगपतियों के लिए अर्थशास्त्र का नियम—

(अ) अफसर बनो पैसा कमाओ।

(ब) खरीद सस्ती-से-सस्ती हो और बिक्री महँगी-से-महँगी।

(क) मेहनत करो पैसा कमाओ।

(२) भुट्टेवाले के भुट्टे की विशेषता—

(अ) मसाला लगाया हुआ।

(ब) अध कच्चा।

(क) उँची आवाज मे बात करना।

(३) मानु को उपहार में क्या मिला—

(अ) शितलपाटी।

(ब) चाय।

(क) मिठाई।

(४) रहमान ने लक्ष्मी को बूरी तरह से पीटा—

(अ) क्योंकी दूध नही देती थी।

(ब) क्योंकी लक्ष्मी बूढ़ी हो गयी थी।

(क) क्योंकी लक्ष्मी के मालिक ज्ञानसिंह थे।

(५) बूढ़ी काकी की संपत्ति की वार्षिक आय—

(अ) कम थी।

(ब) डेढ़-दो सौ रुपये से अधिक थी।

(क) डेढ़-दो सौ रुपये से कम थी।

अंक

**प्रश्न ४. (अ) निम्नलिखित वाक्यों में से सहायक क्रिया छाँटकर लिखिए (कोई तीन):–** ३

(१) गोवा देख मै तरंगायित हो उठा।

(२) सागर का जल खारा होता है।

(३) आपने विदेश में भ्रमण तो कर लिया है।

(४) सैनिकों की टुकड़ी आगे बढ़ी।

**(ब) निम्नलिखित शब्दों में से वर्तनी के अनुसार शुद्ध रूप लिखिए (कोई चार) :–** २

(१) कंबखत

(२) लक्ष्मी

(३) सारवजनिक

(४) असपताल

(५) हमदरदी।

**(क) निम्नलिखित अव्ययों का सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए (कोई तीन) :–** ३

(१) के अलावा

(२) किंतु

(३) कारण

(४) के लिए

(५) अच्छा

(६) बल्कि ।

**(ड) सूचना के अनुसार वाक्यों के काल बदलकर वाक्य फिर से लिखिए (कोई तीन) :—** ३

(१) वे पुस्तक शांति से पढ़ते है। (अपूर्ण भूतकाल)

(२) सातों तारे मंद पड़ गए। (अपूर्ण वर्तमानकाल)

(३) सरकार एक ही टैक्स लगाती है। (सामान्य भविष्यकाल)

(४) अली घर से बाहर चला जाता है। (सामान्य भूतकाल)

(५) लक्ष्मी बड़ी घबराई हुई है। (पूर्ण भूतकाल)

**(इ) निम्नलिखित में से किन्हीं छह वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :—** ६

(१) उसने गाय की पीठ पर डंडे बरसाने नहीं चाहिए थी।

(२) सिरचन को कोई लडका-बाला नहीं थे।

(३) गोवा के बीच पर घूमने में बड़ी मजा आई।

(४) सामने शेर देखकर यात्री का प्राण मानो मुरझा गया।

(५) मै मेरे देश को प्रेम करता हूँ।

(६) घरवालों ने भोजन किया परंतु बुढी काकी को किसी ने न पूछी।

(७) लेखक ने अभिनेता की घमंड तोडी।

# एतदर्थ मंडल (हिंदी भाषा परीक्षा), महाराष्ट्र शासन

भाषा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, प्रशासकीय भवन, ५ वी मंजिल,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान के निकट, सरकारी कालोनी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई ४०० ०५१.

**निम्नश्रेणी परीक्षा**

**दूसरा प्रश्नपत्र : निबंध लेखन, पत्र-लेखन, सार-लेखन, अनुवाद इत्यादी**

रविवार, दिनांक २६ जून २०२२

[**समय** : दोपहर २-०० से ४-४५ बजे तक]

**(मौखिक परीक्षा की अवधि मिलाकर)**

**(कुल अंक — १००)**

**सूचनाएँ**.—(१) प्रश्न क्रमांक ४ को छोड़कर सभी प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** भाषा तथा **देवनागरी** लिपि में लिखें।
(२) शुद्ध भाषा तथा सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।
(३) नया प्रश्न स्वतंत्र पृष्ठ पर लिखिए।

---

**अंक**

**प्रश्न १. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग पच्चीस-तीस पंक्तियों में निबंध लिखिए :—** २०

(अ) "डिजिटल भारत"

(ब) वृक्ष लगाओ, देश बचाओ।

(क) बीता हुआ समय कभी नही लौटता।

(ड) पंछी की आत्मकथा।

(इ) यदि मोबाईल न होता तो.....।

**अथवा**

**निम्नलिखित रूपरेखा के आधारपर पंद्रह से बीस पंक्तियों में एक कहानी लिखिए तथा उचित शीर्षक भी दीजिए :—**

एक हंस और एक कौए में मित्रता ——— हंस का कौए के उड़ते जाना ——— कौए का दहिपात्र लेकर जानेवाले ग्वाले को देखना ——— ललचाना ——— कौए का दही खाने का आग्रह ——— हंस का इनकार ——— कौए का घसीटकर ले जाना ——— कौए का चोंच नचा-नचाकर दही खाना ——— हंस का बिलकुल न खाना ——— आहट पाकर कौए का उड़ जाना ——— हंस का पकड़ा जाना ——— परिणाम ——— शिर्षक।

**प्रश्न २. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पत्र का प्रारूप (नमूना) तैयार कीजिए :—** १४

सारस/सरिता पाटील, २६, गुरूकूल हौसिंग सोसायटी, नाशिक से अपने ग्राम/नगर/महानगर के संबंधित अधिकारी को बच्चों के खेलने के लिए बगीचा बनवाने हेतु पत्र लिखिए।

**अथवा**

वेदांत/वेदिका भाबंर, २८, कृष्णकुंज, नारायण पेठ, पुणे से अपनी सहेली/मित्र फिरोजपूर, को अपने विद्यालय की सैर का वर्णन करनेवाला पत्र लिखता/लिखती है।

[ पलटकर देखिए

अंक

**प्रश्न ३. निम्नलिखित गद्यखंड पढ़कर उस पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए अथवा गद्यखंड का एक-तिहाई सार लिखकर उसे उचित शीर्षक दीजिए :–** २०

किसी भी देश की संपत्ति उस देश के आदर्श विद्यार्थी ही होते हैं। विद्यार्थियों का चरित्र ही राष्ट्र की संपत्ति होता है। वह समय का मूल्यांकन करना जानता है। वह बैटिंग, सिनेमा, मोबाईल एवं अन्य मनोरंजनों में आवश्यकता से अधिक लिप्त नहीं होता है। उसके सामने सदा मंजिल रहती है और उसे ज्ञात है की इन प्रलोभनों के वश में न होकर परिश्रम, तप, त्याग और साधना के कटकाकीर्ण पथ पर चलकर ही वह कुछ बन सकता है। परिवार के लिए, समाज के लिए, राष्ट्र के लिए एवं समूचे विश्व के लिए वह तभी कुछ करने की क्षमता प्राप्त कर सकता है जब वह अपनी सर्वांगीन उन्नति करने का सामर्थ्य रखता हो। वह विद्यारूपी समुद्र का मंथन करके ऐसे मोती प्राप्त कर सकता है जो आज तक उनबिद्ध रहे हो।

**प्रश्न–**

(अ) किसी भी देश की संपत्ती कौन होते है ? (४)

(ब) विद्यार्थी क्या करना जानता है ? (४)

(क) विद्यार्थी किसके लिए कुछ क्षमता प्राप्त कर सकता है ? (४)

(ड) विद्यार्थी को सफलता के लिए क्या क्या करना पडता है ? (३)

(इ) विद्यार्थी किस प्रकार के मोती प्राप्त कर सकता है ? (३)

(फ) आप इस गद्यांश को कौन सा शीर्षक देना उचित समझेंगे ? (२)

**प्रश्न ४. निम्नलिखित गद्यखंड का मराठी या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :—** २०

भारतीय संस्कृति संसार की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है। भारतीय संस्कृति के निर्माण में आर्य तथा द्रविड-दोनों का योगदान रहा है। भारतीय संस्कृति को केवल हिंदू संस्कृती का पर्याय नहीं कहा जा सकता; इसमे आर्य संस्कृति की प्रधानता होते हुए भी समय-समय पर कुषाण, हूण, यवन तथा अन्य पर्याप्त प्रभाव पड़ा। भारतीय संस्कृति की यही विशेषता रही कि वह विभिन्न प्रभावों को ग्रहण कर, उन्हें स्वयं में समाहित कर, पुष्ट एवं विकसित होती गई।

**प्रश्न ५. निम्नलिखित मराठी या अंग्रेजी गद्यखंड का हिंदी में अनुवाद कीजिए :—** २०

रागावर विजय मिळवायचा तर आधी अहंकाराचा त्याग केला पाहिजे. माणुसपणाने वागता यायला पाहिजे. मला मदत हवी असेल तर दुसऱ्यांना मदत केली पाहिजे. मी परिपूर्ण नाही तर इतर ही नाहीत. माझ्या चुका होतात तशा त्यांच्याही होतात. माझ्या मना विरूद्ध गोष्टीशी जुळवून घेता आले पाहिजे. तेवढा लवचिकपणा माझ्याकडे हवा. राग ही इतकी नकारात्मक भावना आहे की ती ज्याचा राग आला आहे, त्याच्याशीच रागाच्या विचाराने सतत बांधून ठेवते. क्षमा करायला शिकलो की हे रागाचे विचार नाहीसे होतात. रागामुळे पडणारी मानसिक बंधनेच तुटून जातात. मनाचा उदारपणा ही राग येणे कमी करतो. आपला राग जातो पण रागाच्या भरात बोललेले शब्द नाते-संबंध दुबळे करू शकतात.

अंक

अथवा

What should a man do when there is much work and little time to do it in? He should have patience, do what he believes is most useful and leave the rest to God. If God grants life, the arrears can be taken up the next day.

प्रश्न ६. निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही छह शब्दों के लिए हिंदी पर्यायी शब्द लिखिए :— ६

| | |
|---|---|
| (अ) Treasury | (ब) Universal |
| (क) Valuation | (ड) Warrant |
| (इ) Audit | (फ) Balance |
| (ग) Ban | (ह) Census |
| (य) Amount | (र) Agreement. |

अथवा

निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही छह शब्दों के लिए अंग्रेजी पर्यायी शब्द लिखिए :—

| | |
|---|---|
| (अ) सलाह | (ब) प्रशासन |
| (क) मंत्रिमंडल | (ड) परिपत्र |
| (इ) जमानत | (फ) नियुक्ती |
| (ग) अस्थायी | (ह) रिश्वत |
| (य) संचालनालय | (र) पूँजी। |